**समारोह** | जबलपुर में बीएचयू एल्युमिनाई ने 164वीं मालवीय जयंती समारोह मनाया

# मालवीय की शिक्षण और समाजसेवा की विरासत को किया याद




**नवभारत,जबलपुर।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ और बीएचयू एल्युमिनाई एसोशिएशन जबलपुर ने मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के होटल कल्चुरी रेसीडेंसी में भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयंती पर विशेष समारोह आयोजित किया। समारोह का आरंभ महामना मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना और बीएचयू के कुल गीत के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत भी उत्साहपूर्ण ढंग से किया गया।



### बीएचयू के छात्र और पूर्व छात्र समाज सेवा में सक्रिय

मुख्य अतिथि जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय ने कहा कि महामना मालवीय के आदर्शों के अनुसार बीएचयू के छात्र और पूर्व छात्र समाज सेवा में सक्रिय हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. भारतेंदु सिंह ने महामना को शिक्षा और समाज सेवा का महामानव बताया और अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। भूगर्भशास्त्री डॉ. ए.एन. सिंह ने बीएचयू एल्युमिनाई की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि जबलपुर में लगभग 200 पूर्व छात्र विभिन्न ज्ञान विज्ञान क्षेत्रों में सक्रिय हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक राजीव द्विवेदी ने शिक्षा क्षेत्र में बैंकों के योगदान पर चर्चा की, जबकि पूर्व छात्र प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्थानीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बीएचयू पूर्व छात्रों की भूमिका का ज़िक्र किया।

### कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की मोनिका, साराक्षी, राजुल, आस्था और अन्य कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन कलाकारों ने खजुराहो फ़िल्म महोत्सव में भी नृत्य प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।

### इनका कहना है



काशी हिंदू विश्व विद्यालय नहीं होता तो मैं यहां नहीं होता, उसमें निकलने वाले लोगों ने देश को गड़ा है। यह आजादी के पहले का विवि है। 119 रुपए फीस थी हमारे समय, वो भी पैसा स्कॉलरशिप से वापस आ जाता था, लगभग नि:शुल्क और विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त हुई है। बनारस में ना होते तो हम कुछ और होते। मेरी सेवा 13 साल की होने वाली है, इस तरह का कार्यक्रम सिर्फ जबलपुर में ही देख पा रहा हूं।

**संपत उपाध्याय**
**पुलिस अधीक्षक जबलपुर**



महामना मालवीय जी शिक्षा एवं समाज सेवा के महान व्यक्ति थे। मैंने अपने छात्र जीवन में बीएचयू में बहुत कुछ सीखा और अपने अनुभवों को आज भी याद करता हूँ। महामना का योगदान वैश्विक है। बीएचयू में ज्ञान विज्ञान के सभी अनुशासनों के अध्ययन विभाग खोलकर उन्होंने शिक्षा का अप्रत्याशित विस्तार किया।

**भारतेंदु सिंह, डायरेक्टर**
**आईआईआईटी डीएम**




# संस्कारों से ही बचेगा ब्राह्मणत्व : संतों की दो टूक

**मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का 80वां वार्षिक अधिवेशन**

**नवभारत, जबलपुर।** गोविंदगंज हितकारिणी स्कूल, दमोह नाका परिसर रविवार को उस समय विप्र चेतना का साक्षी बना, जब मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का 80वां वार्षिक अधिवेशन भव्य और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। देशभर से पधारे संत-महात्माओं ने मंच से स्पष्ट शब्दों में कहा— ब्राह्मण यदि अपने संस्कार भूल गया, तो ब्राह्मणत्व ही समाप्त हो जाएगा। संतों ने जहां समाज को आत्ममंथन का संदेश दिया, वहीं राजनीतिक दलों को भी ललकारते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज के सम्मान से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिवेशन में उपस्थित विप्रजनों ने बाल संस्कार शिविर आयोजित करने तथा संस्कृत को अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल कराने के लिए एकमत से संकल्प पारित किया। अधिवेशन में जगतगुरु राघव देवाचार्य, जगद्गुरु बाल गोविंद शास्त्री, स्वामी पगलानंद महाराज, केबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, नगर पंडित सभा के पं. वासुदेव शास्त्री, रोहित दुबे सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

### पूजन, मंत्रोच्चार और राष्ट्रभक्ति से हुई शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन एवं मंत्रोच्चार से हुआ। वंदे मातरम् का भावपूर्ण गायन पूर्व महापौर डॉ. स्वाति सदानंद गोडबोले ने किया। दंडी स्वामी इंदु भवानंद जी महाराज ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज को दिशा दी है और अब इन मूल्यों को और सुदृढ़ करने का समय है। उन्होंने महासभा के संयोजक आशीष त्रिवेदी व उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

### राजनीति को स्पष्ट संकेत

वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज की मार्गदर्शक भूमिका को ध्यान में रखते हुए सरकारों को उसके उत्थान हेतु ठोस और सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

### स्वास्थ्य शिविर भी रहा आकर्षण

अधिवेशन के साथ आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने जांच व परामर्श का लाभ लिया। कार्यक्रम में ब्रजेश दुबे, अखिलेश दीक्षित, रत्नेश मिश्रा, अपूर्व त्रिवेदी, गोविंद दुबे, असीम त्रिवेदी, आलोक मिश्रा, सत्येंद्र ज्योतिषी, सिद्धार्थ शुक्ला, गुड्डा त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी, हर्षुल त्रिवेदी, ब्रजेश बबेले, संजय उपाध्याय, राहुल तिवारी, शैलेश पाठक, अमरीश मिश्रा, अयोध्या तिवारी, राकेश दुबे, अतुल बाजपेई, अजय पांडे, डॉ मुकेश पांडे, राकेश नगाइच, महिलाओं में वर्षा त्रिवेदी, शक्ति त्रिपाठी, नीति अवस्थी, वंदना त्रिवेदी, शांति तिवारी, अदिति बाजपेई, चंद्रकली त्रिवेदी, नीलू तिवारी, रश्मि दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सम्मान समारोह: समाज की विभूतियों का अभिनंदन

80 वर्षों की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी समाज की विशिष्ट विभूतियों, महिलाओं और युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें स्व. जनक दुलारी गौरीशंकर दीक्षित आयुर्वेद सेवा सम्मान डॉ. पंकज मिश्रा, ज्योतिर्विद पं. अशोक कुमार मिश्रा (शतकतु राष्ट्रीय विद्वता सम्मान 2025), स्व. डॉ. ओम प्रकाश त्रिवेदी आईपीएस स्मृति शौर्य सम्मान 2025, प्रो. यूडी मिश्रा स्मृति पत्रकारिता सम्मान 2025, पं. अनिल दीक्षित (वरिष्ठ पत्रकार दैनिक स्वदेश), पं. पंकज पटेरिया (पत्रकारिता सम्मान 2025, दैनिक भास्कर), ब्रह्मलीन पं. वीरेन्द्र शुक्ला (संस्कृति सम्मान 2025), पं. विजेंद्र कुमार उपाध्याय (पं. रामेश्वर दुबे स्मृति सम्मान), पं. के डी मिश्रा (भोपाल समाजसेवी), पं. बद्री विशाल पाठक (एड. अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, सतना), पं. महेश कुमार बाजपेयी (भूतपूर्व सैनिक, विदेश सेवा मैडल), पं. कृष्ण दत तिवारी (नरसिंगपुर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी), डॉ. पंकज मिश्रा (आयुर्वेद शोधकर्ता), डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी (प्रख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सक, अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी रीवा), पं. सुयश त्यागी (सामाजिक कार्यकर्ता, भोपाल), पं. जीतेन्द्र ओझा (अध्यक्ष ब्राह्मण समाज इटारसी), पं. धनेन्द्र शुक्ला (सामाजिक कार्यकर्ता, भोपाल), महिला सम्मान में सविता तिवारी (स्व. कमल किशोरी मिश्रा स्मृति 'समाज मणि' सम्मान), डॉ. अरुणा पाठक (प्रसिद्ध कवियत्री, रीवा), सुश्री आभा दुबे (सामाजिक, साहित्यिक, धार्मिक कार्यों में अग्रणी) एवं युवा प्रतिभा सम्मान में कु. शची गौतम (मेधावी विद्यार्थी) अलंकरण दिए गए।

# नन्हे कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**नवभारत, जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, गोहलपुर जबलपुर का छठवां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नलिनकांत बाजपेई, तरुण कुमार सोनोने, डॉ.



विजयकांत तिवारी (मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड, तथा संस्था डायरेक्टर सोनल तिवारी, मार्गदर्शक रविशंकर तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संस्था डायरेक्टर सोनल तिवारी एवं प्राचार्य वर्षा झारिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम महिला सशक्तिकरण रही, जिसे विद्यार्थियों ने नृत्य-नाटिकाओं एवं अभिनय के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल श्रीवास्तव, श्रेया तिवारी सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

### द्वि दिवसीय प्रदर्शनी रंग प्रमोद 3- 4 जनवरी को

**नवभारत, जबलपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित 'पाथेय संस्था' द्वारा प्रयोगधर्मी कलासाधक प्रमोद कुशवाहा द्वारा निर्मित एकल चित्रों की द्वि दिवसीय कला प्रदर्शनी रंग प्रमोद का आयोजन कला वीथिका में 3 एवं 4 जनवरी 2026 को किया गया है। प्रदर्शनी संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारम्भ 3 जनवरी को अपरान्ह 3.30 बजे होगा। प्रदर्शनी 4 जनवरी को भी अवलोकनार्थ रहेगी।

## एक नजर में



### शुभ विवाह विप्र समाज ने मनाया युवक- युवती परिचय सम्मेलन

**नवभारत,जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था का तृतीय युवक-युवति परिचय सम्मेलन श्री साकेत धाम, गौरीघाट, में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्री वेद वेदांग संस्कृत विद्यालय के वैदिक विद्वानों द्वारा शश्वर वेद पाठ से हुई। इस अवसर पर स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने उपस्थित जनों को आशीर्वाद दिया। डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी ने विवाह संबंधित मार्गदर्शन और संस्था के कार्यों की जानकारी साझा की। इसके पश्चात पन्ना, दमोह, कटनी, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर, सागर और सिहोरा से आए अभिभावकों ने अपने बालक- बालिकाओं के बायोडाटा मंच पर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, सचिव पंडित विभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंडित किशोर कुमार तिवारी, संजय गर्ग, विद्याधर प्यासी, संजय तिवारी, आर.के. द्विवेदी, रश्मि अरुण तिवारी, संध्या प्यासी, हर्षिता प्यासी, शुभांगी प्यासी, माया उपाध्याय और आभा तिवारी की उपस्थिति रही।

### खो-खो में मप्र ने पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश को हराया



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर में 23 से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान मध्य प्रदेश का शानदार प्रदर्शन जारी है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हो रही इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग खो-खो (बालक-बालिका) तथा 14 वर्ष बालक वर्ग बास्केटबॉल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। 19 वर्ष बालिका वर्ग खो-खो में मेजबान मध्य प्रदेश ने अपने दोनों मुकाबले जीतते हुए पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश को पराजित किया। प्रतियोगिता में 34 राज्यों/यूनिटों से लगभग 1010 खिलाड़ी और 206 ऑफिशियल्स सहित कुल 1216 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खो-खो स्पर्धाएं दिल्ली पब्लिक स्कूल, मंडला रोड में तथा बास्केटबॉल मुकाबले डीपीएस मंडला रोड और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, तिलहरी में आयोजित हो रहे हैं। आयोजन के दौरान संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, एसजीएफआई ऑब्जर्वर डी.के. सिंह व सुमित भाटिया, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया और जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिया प्रीमियम क्रिकेट का पहला खिताब अली फाइटर के नाम



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में पहली बार आयोजित शिया प्रीमियम क्रिकेट 2025 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अली फाइटर (कप्तान आलम अली) और गदीरी फाइटर (कप्तान सलीम अब्दी) के बीच खेला गया। 12 ओवर के इस रोमांचक फाइनल में गदीरी फाइटर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अली फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में 176 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज कुमैल जाफरी और मिरान रिजवी ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए गदीरी फाइटर की टीम 12 ओवर में 155 रन ही बना सकी और अली फाइटर ने मुकाबला 21 रनों से जीतकर खिताब अपने नाम किया। गेंदबाजी में अली फाइटर की ओर से तंजीम हुसैन, नदीम हुसैन और कप्तान आलम अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को दबाव में रखा। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर संयोजक अबरार हुसैन, अफसर हुसैन (फिजू), सुजात रिज़वी, इफ्तिखार अली रिज़वी (लड्डू भाई) और रेहान रिज़वी ने सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी वर्ष में इससे भी बेहतर टूर्नामेंट आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# जबलपुर से निकलेंगे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी : राकेश सिंह

**सांसद खेल महोत्सव का समापन**

**नवभारत,जबलपुर।** रानीताल खेल परिसर में गुरूवार को सांसद खेल महोत्सव का गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह में विजेता-उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि राकेश सिंह और कार्यक्रम के संयोजक जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने पुरस्कार वितरित किये और साथ ही आशा जताई कि जबलपुर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से सामने आएंगे और पूरे विश्व में भारत और तिरंगे का मान बढ़ाएंगें।

सांसद खेल महोत्सव में वर्चुअल रूप से जुड़े पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में भाग लेना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि हम खेल में जीतते हैं या कुछ सीखते हैं। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए पूरी तरह



प्रयासरत है। जिससे देश का गौरव अपने चरम पर होगा। समारोह के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह न कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन किया है। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का मंच सांसद खेल महोत्सव बना है। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मिक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, अखिलेश जैन, एसके मुद्दीन, ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय आदि की उपस्थिति रही।

**ये टीम जीतीं मैच**-सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो खो सहित विभिन्न खेलों के फाइनल मैच हुए। पुरूष वर्ग में पनागर क्षेत्र की टीम ने क्रिकेट का खिताब जीता, वॉलीवॉल में जबलपुर विजेता, खो-खो में जबलपुर शहर विजेता, कबड्डी में पनागर विजेता, रस्सा-कशी में मझौली विजेता, हॉकी में हॉकी फीडर सेंटर सीनियए ए विजेता रहा। उधर महिला वर्ग में पाटन की टीम ने क्रिकेट के खिताब पर कब्जा किया, वॉलीवॉल में जबलपुर विजेता, खो-खो में जबलपुर शहर विजेता, रस्सा-कशी में जबलपुर विजेता, हॉकी में वेस्ट सेंट्रल रेल्वे विजेता।



### नियमों के प्रति जागरूक करने नगर निगम ने चलाया अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मालवीय चौक और मस्जिद के समीपवर्ती क्षेत्र में दुकानों के निरीक्षण का विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य बाजार में सुचारू यातायात सुनिश्चित करना और व्यापारियों को नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की दुकानों के वैध लाइसेंसों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही नगर निगम की टीम ने व्यापारियों से अत्यंत आत्मीय और सकारात्मक संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें और सड़क पर अतिक्रमण न करें, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा न हो। इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान मौके पर स्थापना अधीक्षक संजय पटेल, बाजार अधीक्षक राजेंद्र दुबे, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सेवादल के ध्वज वंदन कार्यक्रम की अनदेखी

**कैंट के कांग्रेसियों ने उठाई आवाज**

**नवभारत,जबलपुर।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर सदर कैंट में कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित ध्वज वंदन प्रभातफेरी की अनदेखी करने का मामला गुरूवार को सामने आया। जिसमें खुद कैंट कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जानकारी होने के बाद भी ध्वज बंधन प्रभातफेरी में कांग्रेसी नहीं पहुंचे। इस संबंध में सुरेंद्र यादव पूर्व संगठन सचिव मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग जबलपुर ने बताया कि जनता दल की विचारधारा वाले कैंट कांग्रेस के नेता कार्यकर्ताओं का बड़ा समूह कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित ध्वज वंदन कार्यक्रम में शिरकत करने नहीं पहुंचा। जिससे आयोजकों में खासा निराशा देखने को मिली। इस दौरान स्वयं कैंट के कांग्रेसियों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मांग की कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष को बदलकर निष्पक्ष, निडर शहर अध्यक्ष लाया जाए।

# अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया : राकेश सिंह

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम**

**नवभारत,जबलपुर।** जनसेवा के आदर्श और करुणा से ओत-प्रोत व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी 6 ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया, जो हम सभी के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही।



भाजपा कार्यालय में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कर कमलों से प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, संतोड़ बरकड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में अटल स्मृति प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार की 101 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा शहर के सभी 967 बूथों में जन्म जयंती के कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, जिला महामंत्री पंकज दुबे, राजेश दाहिया, रंजीत पटेल, रुपेश पटेल, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### व्यापारी प्रकोष्ठ ने जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन

भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नेतृत्व में एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक पर चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जरूरतमंदो कोभोजन वितरित किया गया।

**आनंद लिया** | पिकनिक स्पॉट रहे गुलज़ार

# उत्साह के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व





**जबलपुर, नवभारत।** शहर में क्रिसमस का पर्व गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गिरिजाघरों में मध्यरात्रि में विशेष प्रार्थना सभा के साथ क्रिसमस समारोह की शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की तथा ईसा मसीह की महिमा में कैरोल गीत गाए। प्रार्थना सभा के उपरांत फादर ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म के उद्देश्य और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। इसके बाद लोग एक-दूसरे को गले लगाकर क्रिसमस की शुभकामनाए देते दिखाई दिए, वहीं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आयोजन के साथ साथ केरोल गायन की मधुर गूंज सुनाई दी।

### मौज-मस्ती में गुजरा दिन

प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही गुरुवार सुबह से क्रिसमस उत्सव पूरे शबाब पर नजर आया। शहर में स्थित चर्चों के साथ-साथ कॉलोनियों और मोहल्लों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। वही सोशल मीडिया पर भी लोगों ने क्रिसमस की बधाईयां एक दूसरे को दी। इस दौरान कई परिवारों ने पिकनिक का कार्यक्रम भी बनाया। शहर के पिकनिक स्पॉट भेड़ाघाट, बरगी, लम्हेटाघाट के साथ ही भंवरताल, टैगोर गार्डन जैसे उद्यानों में भारी भीड़ देखी गई। जगह जगह सांता क्लॉज बने लोगों ने बच्चों को टॉफी और उपहार देते भी नजर आए।



### वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन स्थानीय ब्रह्मर्षि मिशन समिति, राम अवेयरनेस मूवमेंट एवं मध्यप्रदेश शासन के श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल के संयुक्त तत्त्वावधान में 2, 3 एवं 4 जनवरी 2026 को मानस भवन, जबलपुर में किया जाएगा। प्रत्येक 3 वर्ष में होने वाला यह आयोजन 2016, 2020 एवं 2023 में किया जा चुका है। आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई ने बताया कि 2 जनवरी को मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे, उन्होंने बताया कि मोहन यादव श्रीरामचंद्र पथ गमन त्यास के अध्यक्ष भी हैं। यह आयोजन विश्व में रामायण पर होने वाला एक अनूठा एवं विशिष्ट आयोजन है, डॉ. अखिलेश गुमाश्ता ने बताया कि विश्व भर के रामायण विद्वान इस कान्फ्रेंस में अपने सोधपत्र पढ़ेंने जिसमें मॉरिशस एवं बाइलेण्ड से 10-10 लोगों का प्रतिनिधि मंण्डल भाग ले रहा है, इसके अलावा श्रीलंका, फ्रांस, अमेरिका, केनडा, चीन, रूस, वियतनाम, इंडोनेशिया, माल्या, इंग्लैण्ड, स्विटजरलैंड आदि देशों के विद्वान भी रामायण पर अपने शोध एवं वैचारिक व्याख्यान प्रस्तु करेंगे।